सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शनिवार, तिथि $\frac{\text{22 फाल्गुन, 1942 (श०)}}{\text{13 मार्च, 2021 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या **146**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 23 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 90 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 12 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 14 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) | विधि विभाग | .. | .. | 04 |
| | | | कुल योग -- | 146 |

मटकोटा स्थित तालाब का सौन्दर्यीकरण

'अ'-*1086. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के प्रखंड योगापट्टी स्थित योगभूमि के नाम से प्रचलित मठकोटा में नाथ सम्प्रदाय के प्रथम गुरू श्री श्री योगीराज मच्छेन्द्र नाथ छवीं शताब्दी में अपने योगी परिवार के साथ प्रवासी हुये मठकोटा जो आज मटकोटा के नाम से जाना जाता है स्थित तालाब जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पर्यटक स्थल पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटक स्थल मटकोटा स्थित तालाब के सौन्दर्यीकरण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक स्थल विकसित कराना

*1746. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत मढ़ौरा प्रखंड के सिलहौरी में सौ वर्षों से पुराना शिव मंदिर एवं मढ़ौरा में गढ़ देवी मंदिर स्थापित है जहाँ प्रतिदिन राज्य एवं राज्य के बाहर से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिये आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त ऐतिहासिक स्थलों पर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिये पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से उनको काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थलों को पर्यटक स्थल के रुप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि मुहैया कराना

*1747. श्री देवेश कांत सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत लगड़ी नवीगंज प्रखंड के पड़ौली, बसौली, गोपालपुर कोठी सहित कुल 11 पंचायतों में 2020 की बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के बीच बाढ़ राहत राशि का वितरण अबतक नहीं किया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में बाढ़ से प्रभावित वंचित लोगों के बीच बाढ़ राहत राशि मुहैया कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वेतन का भुगतान कराना

*1748. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रेफरल अस्पताल, जोकीहाट के रेफरल हेड में पदस्थापित कार्यरत सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को माह अगस्त, 2020 से माह दिसम्बर, 2020 तक का वेतन एवं कोविड-19 में किये गये कार्यों के उपलक्ष्य में एक माह का प्रोत्साहन राशि और अल्पाहार राशि लम्बित है तथा आवंटन का आश्वासन देकर सभी कर्मचारियों को छः-छः महीने से प्रतीक्षा में रखा गया है जिससे उनका अपना एवं पारिवारिक भरण-पोषण कठिन हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के वेतन का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'अ'-दिनांक 5 मार्च, 2021 को सदन द्वारा स्थगित ।

केबुल तार लगवाना

*1749. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के एकमा विधान सभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली खंभों पर नंगा तार लटक रहा है जिससे किसी भी समय नंगा तार टूटने पर अप्रिय घटना होने की प्रबल संभावना रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र में बिजली खंभों पर नंगा तार के स्थान पर केबुल तार कबतक लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*1750. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड में अब्दुल समद, पिता-स्व0 हबीबुर्रहमान, साकिन-मानिकपुर, टोला-लक्ष्मीपुर, थाना-बैरगाछी (ओ0पी0) का दुधारू भैंस दिनांक 26 जुलाई, 2019 को बाढ़ में डूब कर मर गया वर्णित व्यक्ति को अबतक कोई मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ग्रिड की स्थापना

*1751. श्रीमती बीमा भारती (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली विधान सभा अन्तर्गत ग्रिड की स्थापना नहीं हुई है जबकि 33 हजार का तार लगाने का कार्य हो चुका है, उक्त ग्रिड की स्थापना होने से क्षेत्र की जनता कम वोल्टेज की समस्या से निजात होंगे, यदि हाँ, तो सरकार रूपौली क्षेत्र में कबतक विद्युत् पावर ग्रिड की स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुधार करना

*1752. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड के सावठ पंचायत अन्तर्गत दहियाव, बसंतपुर, डहला, दरौली एवं नुआँव प्रखंड में नुआँव पंचायत अन्तर्गत ग्राम-गारा एवं गैरा ग्राम के घरेलू उपभोक्ताओं से डी0 एस0 2 कैटगरी के दर से बिजली बिल वसूल किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम नगरपालिका में नहीं है नगरपालिका के अन्तर्गत गाँवों से ही डी0 एस0 2 कैटगरी के दर से बिजली बिल वसूली का सरकारी प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों को डी0 एस0 2 से हटाकर डी0 एस0 1 (डी) के दर से बिजली बिल लागू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि आवंटित करना

*1753. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत बक्सर प्रखंड के अहिरौली में राजकीयकृत श्री धनवन्तरी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महाविद्यालय के भवनों के रख-रखाव हेतु कोई सरकारी आवंटन प्राप्त नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन भवनों के रख-रखाव हेतु राशि आवंटित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*1754. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत योगापट्टी प्रखंड के पंचायत राज बासोपट्टी के दुलारपट्टी ग्राम तथा लौरिया प्रखंड के पंचायत राज साठी के परसौनी ग्राम सहित अन्य ग्रामों में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने से आमजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि स्वास्थ्य केन्द्र हेतु भूमि उपलब्ध है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों सहित अन्य वंचित ग्रामों में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल विकसित करना

*1755. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला-वैशाली के महनार प्रखंड अन्तर्गत हसनपुर ग्राम में बाबा गणिनाथ जी का मंदिर अवस्थित है, जो ''पलवैया-धाम'' के नाम से मशहूर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर्यटक स्थल के रूप में विकसित नहीं होने से उसका धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व विलुप्त होने के कगार पर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सहायता दिलाना

*1756. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2015 में सीतामढ़ी जिलान्तर्गत भूकम्प के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे, भूकम्प से क्षतिग्रस्त मकानों के पीड़ित व्यक्तियों को सरकार द्वारा अभी तक कोई भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पीड़ित व्यक्तियों को सहायता दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1757. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक जिला में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र पर तीन इकाई-स्वयं सहायता भत्ता इकाई, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड इकाई, कौशल विकास इकाई कार्यरत है। जिसके लिए मानव बल बिहार विकास मिशन द्वारा उपलब्ध कराया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण सहित राज्य के जिलों में कार्यरत परामर्श केन्द्रों पर स्वीकृत बल के विरुद्ध 25 % पद रिक्त है जिसमें परामर्श केन्द्र मोतीहारी में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के कुल 465 आवेदन 180 दिनों से लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार पूर्वी चम्पारण सहित राज्य में परामर्श केन्द्रों पर रिक्त पदों को भरने तथा लंबित आवेदन का निष्पादन सरकारी प्रावधान के अनुसार 30 दिनों के अंदर ही कराने तथा आवेदन लंबित रखने वाले जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) स्वीकारात्मक ।

(2) अस्वीकारात्मक । पूर्वी चम्पारण सहित राज्य के सभी जिलों के जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र पर कार्यभार के हिसाब से पर्याप्त संख्या में मानव बल उपलब्ध है। जहाँ तक पूर्वी चम्पारण का प्रश्न है तो इस जिला के निबंधन एवं परामर्श केन्द्र पर एक प्रबंधक (प्रभारी), 03 सहायक प्रबंधक (योजना), एक सहायक प्रबंधक (परियोजना एवं लेखा), 31 सिंगतल विंडो ऑपरेटर एवं एक मल्टीपरपस असिस्टेंट बिहार विकास मिशन द्वारा नियोजित एवं कार्यरत है। जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पूर्वी चम्पारण के कार्यभार को देखते हुए वहाँ पर बिहार विकास मिशन द्वारा नियोजित कर्मियों की संख्या पर्याप्त है ।

बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना शिक्षा विभाग की योजना है एवं इसके लिए नोडल विभाग शिक्षा विभाग ही है। शिक्षा विभाग से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, मोतिहारी में दिनांक 19 फरवरी, 2021 तक कुल 1224 आवेदन प्राप्त हुए जिसके विरुद्ध 737 आवेदकों के शिक्षा ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं । Third Party Verification Agency (TPVA) के स्तर पर 30 दिनों से अधिक अवधि में कुल 416 आवेदन प्रक्रियाधीन है जिसके निष्पादन की कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में आवेदनों के Third Party Verification के लिए नये एजेंसी का चयन प्रक्रियाधीन है। एतद् स्थिति में वर्तमान में आवेदनों का सत्यापन शिक्षा विभाग के स्तर से किया जा रहा है ।

उपर्युक्त से स्पष्ट है कि जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, मोतीहारी में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का कोई भी आवेदन 30 दिनों से लंबित नहीं है।

---

राशि देना

*1758. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार की नीति आपदा से होने वाली मौत पर आश्रित को चौबीस घंटा के अंदर चार लाख रु0 अनुग्रह अनुदान की राशि देने की है, परंतु मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरली गंज प्रखंड के नादी पंचायत में वार्ड नं0 06 निवासी गोलू कुमार, माता पुष्पा देवी, पिता मुन्ना साह की मौत नदी में डूबने से तथा मधेपुरा प्रखंड के भेलवा ग्राम वासी संजय मंडल, पिता भूलन मंडल की मौत गढ़े के पानी में डूबने से होने के दो महीना बीतने के बावजूद भी आश्रित को अनुग्रह अनुदान की राशि उपलब्ध नहीं हो पाई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों मृतक के आश्रित को कबतक अनुग्रह अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1759. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड के चकसिकन्दर पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण पिछले 2 वर्षों से बन्द है, जिसके कारण क्षेत्र की जनता में असंतोष व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा देना

*1760. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत कालाबलुआ के वार्ड नं0 13 ग्राम कालाबलुआ में 10 वर्ष पूर्व एक प्रसव गृह का निर्माण प्रारंभ हुआ था, जिसका संवेदक छत ढालने के बाद बिना खिड़की, दरवाजा और प्लास्टर का काम पूर्ण किए कार्य छोड़कर चला गया और प्रसव गृह आज भी अपूर्ण स्थिति में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रसव गृह के अधूरे कार्य को पूर्ण कराकर वहाँ प्रसव सुविधा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1761. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत अमौर प्रखंड स्थित रेफर अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने के कारण महिला मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपूर्ति कराना

*1762. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना ''जल-जीवन और हरियाली'' कार्यान्वित की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जीवन की रक्षा हेतु वन्य क्षेत्रों में वृद्धि कर भूमि एवं प्राकृतिक जल संरक्षण के लिये पेड़-पौधों की कटाई पर प्रतिबंध होने के विपरीत विभाग द्वारा सभी विद्यालय में लकड़ी का बेंच-डेस्क इत्यादि की आपूर्ति हेतु आदेश पत्रांक-1704, दिनांक 04 जून, 2020 द्वारा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यावरण के हित में वन संरक्षण हेतु विद्यालय में लकड़ी का बेंच-डेस्क इत्यादि की आपूर्ति संबंधी उक्त आदेश को लोकहित में संशोधित कर लकड़ी के अलावे अन्य विकल्पों से निर्मित बेंच-डेस्कों की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनियमितता की जाँच

*1763. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकड)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत सहदेई प्रखंड के मंजरोई पंचायत में आवेदन सं० 52203281892, दिनांक 19 जनवरी, 2021 द्वारा विद्युत् कनेक्शन हेतु आवेदन दिया गया परंतु मीटर नहीं लगाये जाने के कारण बिजली चालू नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहदेई प्रखंड के अंतर्गत आवेदन करने के बावजूद महीनों मीटर नहीं लगाया जाता है जिसके कारण लोगों की खेतों का पटवन नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सहदेई प्रखंड के अंतर्गत बिजली कनेक्शन देने में बरती जा रही अनियमितता की जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलना

*1764. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के चौगाई प्रखंड के छोटकाडीह में कोई स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं होने से लोगों को मामूली इलाज के लिये भी बहुत कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र 15 किलो मीटर पर चौगाई में है जिसके कारण प्राथमिक उपचार में भी लोगों को बहुत कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छोटकाडीह में स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर स्थापित करवाना

*1765. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत फतेहनगर पंचायत के महुअर वार्ड संख्या 06 के 300 उपभोक्ताओं को ट्रांसफॉर्मर नहीं रहने से लो वोल्टेज बिजली संकट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ ट्रांसफॉर्मर स्थापित करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1766. श्री देवेश कांत सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड चन्दौली में 35/11 के० भी० ए० का मात्र एक ही पावर सब-स्टेशन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब-स्टेशन से गोरेयाकोठी प्रखंड के जामों, हरिहरपुर कला, सादीपुर, गोरेयाकोठी, बरहोगाप्रषोतिम आदि सहित अन्य पंचायतों को समुचित ढंग से विद्युत् आपूर्ति नहीं मिल पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोरेयाकोठी प्रखंड के जामों में 35/11 के० भी० ए० पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक,नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*1767. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला में बिन्द प्रखंड के अन्तर्गत प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी नहीं होने के कारण स्वास्थ्यकर्मियों एवं रोगियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल के चहारदीवारी का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सक का पदस्थापन

*1768. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मधेपुरा प्रखंड के महेशुआ पंचायत में स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र में चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं, जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होती है, बदि हाँ, तो क्या सरकार यहाँ जनहित में चिकित्सक के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तों क्यों ?

नया एम्बुलेंस देना

*1769. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला वैशाली के नगर परिषद्, महनार अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का एम्बुलेंस जर्जर हालत में बंद पड़ा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर एम्बुलेंस की जगह नया एम्बुलेंस देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कैदी वार्ड बनाना

*1770. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के सदर अस्पताल में मंडल कारा में बंद कैदियों के इलाज हेतु कैदी वार्ड स्थापित नहीं है जिसके चलते गम्भीर बीमारी के स्थिति में भी कैदियों का इलाज ठीक से नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में कैदी वार्ड कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कराना

*1771. श्री लखेंद्र कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-130 पातेपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत प्रखंड पातेपुर के बहुआरा पंचायत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है, उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु पर्याप्त जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र पर 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आदेश रद्द करना

*1772. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन, भोजपुर ने कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के पत्रांक 1187, दिनांक 3 जून, 2020 में दिये गये निदेश के आलोक में ज्ञापांक 284, दिनांक 1 फरवरी, 2020 के द्वारा भोजपुर जिला के विभिन्न पी०एच०सी० में कार्यरत 36 कार्यपालक सहायकों को दिनांक 31 जनवरी, 2021 के प्रभाव से इनकी सेवा जिला स्थापना शाखा, भोजपुर को वापस करते हुये उक्त 36 पद पर निजी संस्था उर्मिला इंटरनेशनल, सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, पटना से आउटसोर्स के आधार पर कार्य लेने का आदेश निर्गत किया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक सिविल सर्जन, भोजपुर के उक्त आदेश को रद्द करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बिजली कनेक्शन देना

*1773. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के प्रखण्ड रामगढ़ नुआँव और दुर्गावती में 6 माह पूर्व सैकड़ों किसानों ने खेतों में बिजली कनेक्शन के लिये आवेदन दिये हैं, परन्तु कनेक्शन अभीतक नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो उक्त किसानों को सरकार कबतक कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सा सुविधा हेतु

*1774. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखण्ड के फतेहपुर तथा गुदारघाट ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है जो अब बिल्कुल ही जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार कराकर चिकित्सा सुविधा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1775. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत गोराडीह प्रखंड स्थित 6 बेड का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 10 वर्षों पूर्व बना था जबकि आज भवन जर्जर अवस्था में है एवं मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण मरीजों का इलाज फर्श पर किया जा रहा है और संसाधन का भी अभाव है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1776. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रोह प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 14 पंचायतों के मरीज इलाज कराने हेतु आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजों की संख्या के अनुपात में बेड का अभाव रहता है एवं स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित नहीं किये जाने के कारण गंभीर मरीजों को इलाज हेतु भारी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र को 30 शय्या वाले अस्पताल में परिणत कर नियमित रूप से चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

ट्रांसफॉर्मर संस्थापित करना

*1777. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज प्रखंड अन्तर्गत मोहनपुर चौमुख पंचायत के रहटा ग्राम, वार्ड नं० 6 में श्री सीताराम मेहता के घर के बगल में मुख्य पथ एवं लिंक पथ के मुहाने पर एक विद्युत् ट्रांसफॉर्मर संस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्रांसफॉर्मर के मुख्य पथ पर संस्थापित रहने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है तथा दुर्घटनाएँ भी हो चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्युत् ट्रांसफॉर्मर को वहाँ से हटाकर बगल में पंचायत सरकार भवन के नजदीक उपलब्ध जमीन पर संस्थापित करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पदस्थापित करना

*1778. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखंड के नरहन अतिरिक्त प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र में दो एम०बी०बी०एस० चिकित्सक तथा एक आयुष चिकित्सक का पद सृजित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एम०बी०बी०एस० चिकित्सक के पदस्थापित नहीं होने के कारण गरीब मरीज इलाज हेतु निजी चिकित्सालयों में जाने को मजबूर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एम०बी०बी०एस० चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

यू0 टी0 कार्ड बनाना

*1779. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान सभा में दिव्यांगों के लिये चिकित्सा हेतु कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार शिविर लगाकर दिव्यांगों का परिचय-पत्र एवं यू0 टी0 कार्ड बनाकर लाभ पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*1780. श्री अवधेश सिंह (क्षेत्र संख्या-123 हाजीपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर नगर में कौनहाड़ा घाट अवस्थित नेपाली छावनी ऐतिहासिक धरोहर के रूप में चिह्नित है, जो जीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हाजीपुर शहर के वार्ड संख्या 22 में अवस्थित गाँधी आश्रम भी ऐतिहासिक धरोहर है, जहाँ गाँधी जी ठहरे थे, भी जीर्ण है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपर्युक्त दोनों ऐतिहासिक धरोहरों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1781. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमंडल मुख्यालय में विद्युत् ग्रिड नहीं है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र में समुचित रूप से विद्युत् की आपूर्ति नहीं होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुमंडल मुख्यालय में विद्युत् की आपूर्ति रामनगर ग्रिड से की जाती है, जिसकी दूरी अनुमंडल मुख्यालय से 17 किलो मीटर होने से हमेशा लो-भोल्टेज की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल मुख्यालय में विद्युत् ग्रिड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

समायोजन करना

*1782. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोध गया)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में कृषि फसलों क्षति, आर्थिक स्रोतावार/प्लॉटवार, फसल चक्र आदि की गणना कार्य करने हेतु कुल लगभग 32000 सांख्यिकी सेवकों का नियोजन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कुल नियुक्त 32,000 सांख्यिकी स्वयं सेवकों में से लगभग 18,000 स्वयं सेवकों को अन्य विभागों में समायोजित कर दिया गया तथा शेष 14,000 सांख्यिकी सेवकों से गणना का कार्य नहीं लेने एवं पारिश्रमिक का भुगतान नहीं होने से वे आर्थिक बदहाली के शिकार हो गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शेष बचे सांख्यिकी स्वयं सेवकों को विभागों में समायोजित करने तथा लम्बित पारिश्रमिक का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक अस्पताल बनाना

*1783. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड में एक पी0एच0सी0 है, जिसमें केवल छ: बेड की व्यवस्था है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पी0एच0सी0 में प्रत्येक दिन 300 से 400 मरीज आते हैं और 20-25 प्रसव होता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कम बेड की वजह से मरीजों को काफी असुविधा होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पी0एच0सी0 को उत्क्रमित कर तीस बेड का सामुदायिक अस्पताल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

एम्बुलेंस की व्यवस्था

*1784. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत फुलीडुमर प्रखंड अस्पताल में एम्बुलेंस की सुविधा नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इमरजेन्सी केस में मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, कई मरीजों की एम्बुलेंस के अभाव में आकस्मिक मृत्यु तक हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल में एम्बुलेंस की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

खर्च की रकम बढ़ाना

*1785. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि हेल्थ इंडेक्स नीति आयोग, 2018 के अनुसार बिहार सरकार दवा और जाँच पर प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष सिर्फ 14 रुपया खर्च करती है जो कि अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है, यदि हाँ, तो सरकार दवा जाँच पर प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष खर्च की रकम को कबतक 14 रुपया से बढ़ाकर 50 रुपया करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

'क'-*1786. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र के रामपुर ग्राम में दिनांक 14 नवम्बर, 2020 को अगलगी की घटना में श्री रामएकबाल महतो सहित दर्जनों लोगों के फूस के घर जल गये जिसके कारण वे खुले में जीवन-यापन करने के लिये विवश हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त बेघर लोगों के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-आपदा प्रबंधन विभाग से ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

प्रारंभ कराना

*1787. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसण्ड)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत सदर अस्पताल शिवहर का चिकित्सकीय कार्य दो भवनों में विगत दो वर्षों से संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला मुख्यालय में पूर्व निर्मित सदर अस्पताल से अलग हटकर विशेष अस्पताल भवन निर्माण करने के पश्चात् सदर अस्पताल का चिकित्सकीय कार्य विशेष अस्पताल के भवन में भी संचालित किया जाने लगा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर अस्पताल के पुराने भवन में ही पूर्ण रूपेण सदर अस्पताल का चिकित्सकीय कार्य को प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण कराना

*1788. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति 2019 में हुई है उक्त कॉलेज के भवन निर्माण हेतु भूमि का सर्वेक्षण भी हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार देव प्रखंड के पतालपुरी की सर्वेक्षित भूमि पर उक्त मेडिकल कॉलेज का कबतक भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1789. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बासोपट्टी के भवन का निर्माण कार्य के उपरांत दिनांक 9 अगस्त, 2016 को उद्घाटन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 3 करोड़ 80 लाख से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है एवं टाईल्स लगा हुआ फर्श दो-दो फीट के गड्ढे में तब्दील हो गया, जिसके कारण रोगी एवं चिकित्सा कर्मी को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्माण कराने वाली एजेंसी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*1790. श्री सुनिल मणि तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत अरेराज प्रखंड के मलाही बाजार में लगभग 3 एकड़ में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहाँ डॉक्टर एवं नर्स की स्थायी प्रतिनियुक्ति नहीं होने से ग्रामीणों के इलाज में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं नर्स की स्थायी प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार कराना

*1791. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जलालगढ़ का चिकित्सक एवं तृतीय कर्मियों के लिए स्टॉफ क्वाटर विगत 25 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्टॉफ क्वाटर का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

व्यवहार न्यायालय की स्थापना

*1792. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला में टिकारी अनुमंडल की स्थापना 27 वर्ष पूर्व किया गया है, परंतु अभी तक व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं होने से जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार टिकारी में कबतक व्यवहार न्यायालय के स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित कराना

*1793. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के गुड़ी पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र 4 पंचायतों से घिरा 25 हजार की जनसंख्या के बीच एकमात्र स्वास्थ्य केन्द्र है एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कसबा से इसकी दूरी 20 कि0 मी0 है तथा उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर रोगियों के इलाज की समुचित सुविधा नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1794. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनियाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियाँ अनुमण्डल अस्पताल में महिला चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति नहीं किये जाने के कारण उक्त क्षेत्र की महिलाओं को चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में ए0 एन0 एम0 और जी0 एन0 एम0 डिग्रीधारियों से महिलाओं के चिकित्सकीय कार्यों का सम्पादन कराया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ड्यूटी सुनिश्चित कराना

*1795. श्री विजय शंकर दुबे (क्षेत्र संख्या-112 महाराजगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के अनुमंडलीय अस्पताल महाराजगंज में मेडिसीन, हड्डी रोग एवं एनेस्थिसिया विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव तथा रात्रि में महिला चिकित्सकों को ड्यूटी ऑन-कॉल बुलाने की व्यवस्था के कारण इलाजरत रोगियों को समुचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना तथा प्रसव वार्ड में महिला चिकित्सकों की ड्यूटी सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*1796. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी अनुमंडलीय अस्पताल में शल्य चिकित्सक एवं एनेस्थीसिया डॉक्टर का पदस्थापन नहीं रहनें के कारण मरीजों को शल्य चिकित्सा की सुविधा नहीं मिल पाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड के टेकिनशियन का भी पदस्थापन नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार टिकारी अनुमंडल अस्पताल में उक्त चिकित्सकों एवं तकनीकीकर्मियों के पदस्थापन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योगदान कराना

*1797. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के पत्रांक 3457, दिनांक 20 नवम्बर, 2019 द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ईदगाह, डिहरी में ए० एन० एम० के पद पर किरणवाला कार्य करती है, जबकि उनके पति शिक्षक के पद पर उच्च माध्यमिक विद्यालय, विक्रमगंज में पदस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ए० एन० एम० को मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रोहतास के ज्ञापांक 3782, दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के द्वारा प्रा० स्वा० केन्द्र, किरही प्रखंड काराकाट में योगदान करने का आदेश दिया गया है पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा योगदान नहीं कराया जा रहा है तथा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ए० एन० एम० को मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के आदेशानुसार स्वास्थ्य उप-केन्द्र किरही, काराकाट में योगदान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपदा की राशि दिलाना

*1798. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आपदा की स्थिति में प्राप्त होनेवाली सरकारी सहायता राशि कभी भी कहीं भी बहत्तर घंटे में प्राप्त नहीं होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निधि की उपलब्धता के अभाव में इस तरह की राशि अभिलेख तैयार करने व जिला से राशि प्राप्त करने में महीनों लग जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आपदा की राशि पीड़ित परिवार को ससमय मिले, इसके लिये कोई कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) विभाग द्वारा आपदा प्रभावितों को अतिशीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया गया है ।

(2) एवं (3) विभाग द्वारा आपदा पीड़ितों के आश्रितों को अतिशीघ्र अनुग्रह अनुदान भुगतान करने हेतु जिला स्तर पर आपदा चक्रीय निधि (Disaster Revolving Fund) का गठन विभागीय अधिसूचना संख्या

4324/आ० प्र०, दिनांक 12 दिसम्बर, 2018 द्वारा किया गया है । उक्त निधि से आपदा से होने वाली मृत्यु की स्थिति में निकटतम आश्रित को विभागीय मानदर के अनुरूप आवंटन के विरुद्ध निकासी में प्रक्रियात्मक विलम्ब एवं संबंधित मद में राशि उपलब्ध नहीं रहने के स्थिति में भी शीघ्र भुगतान हेतु प्रत्येक जिले के चक्रीय निधि में 40.00 लाख रुपये उपलब्ध कराया गया है, जिसे संबंधित जिला द्वारा बैंक खाते में रखा गया है ।

--------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1799. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के कलकली वार्ड नं० 13, मलेहरिया हरिजन टोला आदि वार्डों में कम वाट के ट्रांसफॉर्मर लगाने के कारण आये दिन लो वोल्टेज, फ्यूज उड़ने आदि की समस्या बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोलों में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों पर कार्रवाई

*1800. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहड़ा प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कजुर में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य चिकित्सक नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्र नहीं आते हैं जिससे आमलोगों को इलाज कराने में काफी परेशानी हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार स्वास्थ्य हित में इसकी जाँच कराकर दोषी चिकित्सकों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा प्रदान करना

*1801. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, चासी एवं गुरारू प्रखंड के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, कनौसी सहित अन्य सभी प्रखंड के उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर मात्र एक ही नर्स की पदस्थापना की गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित उप-स्वास्थ्य केन्द्रों सहित सभी उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर मानक के अनुरूप स्वास्थ्य कर्मीगण की पदस्थापना कराते हुये इलाज की सुविधा प्रदान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*1802. श्री सुनील मणि तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविंदगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत, पहाड़पुर प्रखंड के इनरवाभार पंचायत में पकड़िया बाजार स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं पश्चिमी सरेया स्थित सरेया बाजार के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 20 वर्षों से निर्मित है, किन्तु यहाँ डॉक्टर व नर्स प्रतिनियुक्त नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉमा सेन्टर बनाना

*1803. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला में एक भी ट्रॉमा सेन्टर नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन०एच० 31 बेगूसराय को दो भागों में बाँटता है तथा आये दिन उक्त सड़क पर दुर्घटनाएँ घटित होती रहती हैं तथा गंभीर रूप से घायलों को ट्रॉमा सेन्टर के अभाव में पटना लाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय में ट्रॉमा सेन्टर बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुनिश्चित कराना

*1804. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी प्रखण्ड के हिसार पंचायत स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र एवं मधवापुर प्रखंड के विशनपुर पंचायत स्थित उप-स्वा०केन्द्र सहित जिला के सभी स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर डॉक्टरों एवं दवाओं का हमेशा अभाव रहता है, डॉक्टर कभी भी नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते हैं, जिस कारण इलाज कराने आये आम लोगों को बिना इलाज एवं दवा के ही वापस लौटना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित केन्द्रों सहित जिला के सभी स्वा० केन्द्रों पर डॉक्टरों एवं दवाओं की हमेशा उपलब्धता सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटन भवन का जीर्णोद्धार

*1805. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखंड में हसपुरा बस स्टैंड के पास 2002-03 में निर्मित पर्यटन भवन रख-रखाव के अभाव में जीर्ण हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त पर्यटन भवन का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कराना

*1806. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज रेफरल अस्पताल, छतरगाछ का भवन काफी जर्जर हो गया है जो कभी भी गिर सकता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रेफरल अस्पताल के नया भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना

*1807. श्री भारत भूषण मंडल (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र, सिसवार में बुनियादी सुविधा के अभाव में तीन पंचायत के दर्जनों गाँवों के लोग स्वास्थ्य सेवा का लाभ नहीं उठा पाते हैं, खासकर प्रसव हेतु आनेवाली महिलाओं को यहां से 18 किलोमीटर दूर फुलपरास अनुमंडल अस्पताल जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र, सिसवार में कबतक बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

-------------

स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*1808. श्रीमती बीमा भारती (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रूपौली विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड भवानीपुर के पंचायत सुरैती ग्राम-भिट्‌टा में स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना नहीं हुआ जबकि प्रखंड मुख्यालय अस्पताल की दूरी 25 कि०मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना होने से दूरस्थ गरीब आम जन लाभान्वित होंगे ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वांछित स्वास्थ्य केन्द्र के स्थापना की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1809. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड अन्तर्गत खुदागंज अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2018-19 से प्राप्त है, किन्तु भवन निर्माण के अभाव में आम नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक खुदागंज अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मीटर लगवाना

*1810. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखंड के भटौरा ग्राम एवं वारिसनगर के सतमलपुर ग्राम में प्रस्तावित स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के लिये जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन दोनों ग्रामों में स्वास्थ्य केन्द्र हेतु भवन निर्माण कराकर स्थानीय मरीजों के उपचार हेतु समुचित व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मीटर लगवाना

*1811. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के सिंगल टोला वार्ड संख्या 8 के राजेश कुमार महतो, कारु चौधरी इत्यादि 50 से अधिक उपभोक्ताओं के घरों में बिजली का कनेक्शन कर दिया है और मीटर भी दे दिया गया है लेकिन मीटर चालू नहीं कराया गया है परन्तु बिजली बिल आ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उन उपभोक्ताओं के घरों में बिजली मीटर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1812. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखंड दरियापुर स्वास्थ्य केन्द्र में बाउंड्री वॉल नहीं है जिससे रोगियों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त अस्पताल के बाउंड्री वॉल (चहारदीवारी) का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1813. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2001 के जनगणना के अनुसार जनसंख्या के अनुपात में एवं आई0पी0एच0एस0 मापदंड के आधार पर अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड में 5 नये अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु प्रस्तावित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक रानीगंज प्रखंड में 5 नये अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य को पूर्ण कराना

*1814. श्री हरीभूषण ठाकुर 'बचोल' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अन्तर्गत चपरिया ग्राम में राष्ट्रीय सम विकास योजना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्ष 2006-07 में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का नया भवन बनना शुरू हुआ ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी भी उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का नया भवन आधा अधूरा ही बना है, जिससे आमजनता स्वास्थ्य सेवा का समुचित लाभ से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में कबतक उक्त निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा दिलाना

*1815. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत मटिहारी प्रखंड के नया गाँव के चाक एवं छितरौर के पास गंगा के भारी कटाव के कारण दो हजार से अधिक परिवार पिछले 25 सालों से विस्थापित होकर वहीं समीप के बाँध पर अस्थायी रूप से गुजर-बसर कर रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त खंड में वर्णित परिवारों के पुनर्वास के लिये पिछले 25 वर्षों से अबतक आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित परिवारों को पुनर्वास एवं उचित मुआवजा दिलाने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटकीय सर्किट से जोड़ना

*1816. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा के अम्बा स्थित माँ सतबहिनी स्थान पर्यटकीय सुविधा प्राप्त करने की सारी अर्हतायें को पूर्ण करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सतबहिनी स्थान को पर्यटकीय सर्किट से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली कनेक्शन देना

*1817. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राजापाकर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-वाकरपुर में थाना नम्बर 261, खेसरा नम्बर 2498, रकवा तीन एकड़ पचपन डिसमिल में पटवन हेतु बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि वर्ष 2019 में ही पोल गाड़ दिया गया है तथा किसान द्वारा ऑन लाइन आवेदन करने के बावजूद भी आजतक किसान को बिजली का कनेक्शन नहीं दिया गया है, जिसके कारण सैकड़ों किसानों का 500 एकड़ जमीन सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव के किसानों को सिंचाई हेतु बिजली कनेक्शन कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एम्बुलेंस की आपूर्ति

*1818. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल में मात्र एक एम्बुलेंस रहने से उक्त क्षेत्र के मरीजों को असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मरीजों की सुविधा हेतु दो और एम्बुलेंस की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानान्तरण करना

*1819. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किसी भी कर्मी का तीन साल में स्थानांतरण किये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड में पदस्थापित विद्युत् कनीय अभियंता, विद्युत् आपूर्ति, केसरिया 10 वर्षों से केसरिया में ही पदस्थापित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त प्रावधान का अनुपालन करते हुये विद्युत् कनीय अभियंता, विद्युत् आपूर्ति, केसरिया को अन्यत्र स्थानांतरण करने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

*1820. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 फरवरी, 2021 को प्रकाशित शीर्षक ''अधिकांश स्वास्थ्य उप-केन्द्र में लटक रहे ताले'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीताढ़ी जिला में कुल 210 स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित किए गए है, उनमें 15 स्वास्थ्य उप-केन्द्र पर ए0 एन0 एम0 व अन्य स्वास्थ्य कर्मी पदस्थापित नहीं है एवं अधिकांश स्वास्थ्य केन्द्र पर ताले लटकते रहते है, जिसके कारण आमजनता स्वास्थ्य लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन, सीतामढ़ी अपने कार्यालय में कभी नहीं बैठते है, जिसके कारण सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना प्रभावित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी स्वास्थ्य उप-केन्द्र पर एन0 एन0 एम0 एवं स्वास्थ्य कर्मी को पदस्थापित करते हुए सिविल सर्जन सीतामढ़ी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् की आपूर्ति करना

*1821. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के डोभी प्रखंड अन्तर्गत घोड़ाघाट पंचायत के रानीचक गाँव में कृषि कार्य हेतु विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में तार, पोल एवं ट्रांसफॉर्मर लगाकर कृषि कार्य हेतु विद्युत् की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1822. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में औषधि निरीक्षक का 163 पद स्वीकृत रहने के बावजूद 56 पद रिक्त है तथा वित्तीय वर्ष 2014-15 से आजतक विज्ञापन नहीं निकाला गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में 65 हजार दवा दुकान की जाँच के लिए औषधि निरीक्षक की भारी कमी है बावजूद इसके विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही से औषधि निरीक्षक के विज्ञापन प्रकाशन में विलम्ब किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक औषधि निरीक्षक के रिक्त पदों पर बहाली करने तथा विज्ञापन प्रकाशन में देरी के लिए दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- प्रश्न खण्ड (1), (2) एवं (3) के संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि औषधि निरीक्षकों के 55 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचना पत्रांक 291(15), दिनांक 18 फरवरी, 2021 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग को भेजने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग से अनुरोध किया गया है।

मुआवजा देना

*1823. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम+पो0-दामोदरपुर, वार्ड नं0-7 के चतुरी पासवान, पिता-शिववचन पासवान की दिनांक 13 अक्टूबर, 2019 को बाढ़ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अभीतक उनके आश्रित को मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा उनके आश्रित को मुआवजे की राशि अभीतक उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---

संचालन कराना

*1824. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड परिसर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के साथ-साथ मानक के अनुरूप डॉक्टर और चिकित्साकर्मियों एवं मूलभूत सुविधाओं जैसे डिजिटल एक्स-रे, खून जाँच आदि का घोर अभाव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड चरपोखरी अंतर्गत सेमरांव में स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर डॉक्टर एवं बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का घोर अभाव है एवं बंद रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डॉक्टर, बल्ड जाँच सहित बुनियादी चिकित्सा सुविधा व आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्र को नियमित संचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुग्रह अनुदान राशि देना

*1825. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-देवापुर के सन्तु सिंह की सुपुत्री सुप्रिया कुमारी का दिनांक 7 अगस्त, 2020 को बाढ़ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व0 सुप्रिया कुमारी की मृत्यु की प्राथमिकी बरौली थाना दिनांक 8 अगस्त, 2020 को दर्ज कराई गई है। जिसका UD Case No- 17/2020 है बाढ़ में डूबने से हुई मृत्यु पर 4-4 लाख रुपया देने का सरकारी प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मृतक के परिजनों को अनुग्रह अनुदान राशि देने का विचार रखती है ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) जिला पदाधिकारी, गोपालगंज से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मृतका स्व0 सुप्रिया कुमारी के निकटतम आश्रित श्री संतु कुमार सिंह को अंचल अधिकारी, बरौली द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि मो0 04.00 (चार लाख) रुपया का चेक संख्या 905654, दिनांक 19 फरवरी, 2021 द्वारा भुगतान कर दिया गया है ।

नियमित संचालन का विचार

*1826. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के तारडीह प्रखंड अन्तर्गत घनी आबादी वाला ग्राम-पुतई में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी एम० बी० बी० एस० डॉक्टर नहीं है तथा संचालन अनियमित हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति तथा नियमित संचालन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक केन्द्र विकसित करना

*1827. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखंड में पंथपाकर में माँ जानकी द्वारा फेंके गये दातून एक विशाल पाकड़ के पेड़ के रूप में परिवर्तित हो गया तथा इस कारण वह जगह विख्यात है, उक्त पेड़ को देखने के लिये दूर-दूर से पर्यटक आते रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल को पर्यटक केन्द्र के रूप में कबतक विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कॉलेज की स्थापना

*1828. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में एक भी आयुर्वेदिक कॉलेज नहीं रहने से वहाँ के स्थानीय लोगों को आयुर्वेदिक तरीके से इलाज कराने में भारी परिशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक समस्तीपुर जिला में आयुर्वेदिक कॉलेज की स्थापना करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधिकारियों को दंडित करना

*1829. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित पी० एम० सी० एच० के किडनी विभाग में 30 नये डायलिसिस मशीन नवम्बर, 2019 में खरीदी की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डायलिसिस मशीनों के रख-रखाव उपयोग हेतु विभाग में समुचित संख्या में डायलिसिस टेक्निशियन, डॉक्टर व अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं रहने के कारण मशीनों का उपयोग नहीं हो सका और मशीनें खराब हो गई हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त डायलिसिस मशीनों की खरीद मामले की उच्च स्तरीय जाँच कराकर राज्य के राजस्व की हानि पहुँचाने वाले अधिकारियों को दंडित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापना कराना

*1830. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ एवं गुरारू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक भी महिला चिकित्सक की पदस्थापना नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर महिला चिकित्सक की कमी के कारण गर्भवती महिलाओं के अलावे महिला से संबंधित रोगियों को इलाज के क्रम में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जनहित में महिला चिकित्सक की पदस्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जर्जर तार एवं पोल बदलना

*1831. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226, शेरघाटी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड स्थित चाँपि, समदा, संगमटाड एवं अन्य गाँवों में बिजली का तार एवं पोल जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में जर्जर तार एवं पोल बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निविदा निकालना

*1832. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर अस्पताल सहित सभी अनुमंडल, रेफरल एवं प्राथमिक अस्पतालों में लोक निजी साझेदारी के अधीन आउट सोर्सिंग के द्वारा साफ-सफाई भोजन, विद्युत् आपूर्ति आदि की व्यवस्था मे० नीलम प्रिन्टर्स एवं जेनेरल आर्डर सप्लाई कंपनी के द्वारा किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 के बाद इस कार्य के लिये कोई निविदा नहीं निकाली गयी और उपरोक्त कंपनी को ही विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से रिन्युअल कर दिया जाता है जिससे सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है और दूसरे योग्य कंपनियों को भी कार्य करने का अवसर नहीं मिलता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त कार्यों के मनमाने रिन्युअल करने की उच्चस्तीय जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुये पुन: निविदा निकालने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

न्यायादेश का अनुपालन कराना

'ख'-*1833. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिविल कोर्ट पटना के वाद सं० T/S 5323/14 में दिनांक 23 अक्टूबर, 2019 को पारित न्यायादेश का अनुपालन अंचलाधिकारी पुनपुन पटना द्वारा अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त न्यायादेश का कबतक अनुपालन कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ख'-विधि विभाग से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में स्थानांतरित ।

कार्रवाई करना

*1834. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड अन्तर्गत सिराही गाँव में वर्ष 2006 में 6 लाख 25 हजार की लागत से स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन का निर्माण प्रारंभ किया गया था जो संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण भवन निर्माण कार्य अभीतक अधूरा पड़ा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त अधूरे भवन को पूर्ण कराने तथा लापरवाही बरतने वाले संवेदक एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*1835. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कलेर प्रखण्ड के पंचायत+ग्राम-बेलाव में बारह साल पहले से बना उप-स्वास्थ्य केन्द्र अधूरा है जिससे अस्पताल में क्षेत्रीय मरीजों का इलाज नहीं होता है जिसके कारण उक्त इलाके के लोगों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्राम-बेलाव के प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र जो अधूरा है का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनवाना

*1836. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत प्रखंड खिजरसराय के ग्राम-वाना तीवारी टोला में आजतक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण वहाँ ग्रामीणों को भारी परेशानी के साथ इलाज के लिये खिजरसराय स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मेडिकल कॉलेज अधिष्ठापित कराना

*1837. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर प्रमंडलीय मुख्यालय अथवा जमालपुर में एक

भी मेडिकल कॉलेज नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में मुंगेर प्रमंडलीय मुख्यालय अथवा जमालपुर में एक मेडिकल कॉलेज अधिष्ठापित किये जाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति

*1838. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरीक में प्रसूति एवं महिला विशेषज्ञ चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने से महिला मरीजों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार महिलाओं के समुचित इलाज हेतु उक्त वर्णित अस्पताल में कबतक महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल का जीर्णोद्धार

*1839. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रानीपतरा में वर्षों पुरानी नेचुरोपैथी अस्पताल है जिससे कभी बिनोवा भावे, नेपाल के प्रधानमंत्री कोईराला सहित अनेकों का इलाज हुआ था, परंतु अब संसाधन के अभाव में तथा विभागीय उदासीनता के कारण मृतप्राय हो गयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत रानीपतरा प्राचीन नेचुरोपैथी अस्पताल का जीर्णोद्धार कर पुन: उपचार चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापना करना

*1840. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंड अन्तर्गत अकिलपुर पंचायत स्थित प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत 10 वर्षों से बना हुआ है, परन्तु आजतक चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की पदस्थापना नहीं रहने के कारण आम जनता को चिकित्सीय लाभों से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों की पदस्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि उप-स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं किया जाता है। इन केन्द्रों द्वारा टीकाकरण एवं प्रसव पूर्व जाँच की जाती है। इस केन्द्र द्वारा आवश्यक दवाएँ दी जाती हैं, इस हेतु स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में ए०एन०एम० की पदस्थापना की जाती है, संदर्भित स्वास्थ्य उप-केन्द्र में दो ए०एन०एम० कार्यरत हैं ।

सम्मिलित करना

*1841. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगडिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिस जिला में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल है वहाँ औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी, औषधि नियंत्रण प्रशासन, शहरी एवं ग्रामीण का पद स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में सहायक औषधि नियंत्रक, औषधि नियंत्रण प्रशासन; शहरी एवं ग्रामीण का कार्य अलग-अलग कार्यालयों में चल रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में सहायक औषधि नियंत्रक, औषधि नियंत्रण प्रशासन, शहरी एवं ग्रामीण का पद एवं कार्यालय अलग है ;

(4) क्या यह बात सही है कि भागलपुर में सहायक औषधि नियंत्रक, औषधि नियंत्रण प्रशासन, शहरी एवं ग्रामीण का कार्य एवं कार्यालय को मिला दिया गया है जिससे औषधि विक्रेताओं को भारी कठिनाई होती है ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सहायक औषधि नियंत्रक, शहरी एवं ग्रामीण का कार्यालय को सम्मिलित करने का क्या औचित्य है ?

--------

निदेश जारी करना

*1842. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में रेफरल/अनुमंडलीय/सदर अस्पताल जिनका क्षेत्र एक से अधिक प्रखंडों को लाभान्वित करता है उस पर जिला परिषद् का नियंत्रण होगा ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक राज्य में रेफरल/अनुमंडलीय/सदर अस्पतालों में रोगी कल्याण समिति का गठन अध्यक्ष जिला परिषद् की अध्यक्षता में करने तथा तीनों स्तर के अस्पतालों पर जिला परिषद् का पूर्ण नियंत्रण संबंधित निदेश जारी करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल बदलवाना

*1843. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर के प्राणवती लेन नीलकंठनगर, सक्कुलाचक, शैलबाग कॉलोनी, सूर्यलोक कॉलोनी, सच्चिदानन्दनगर इत्यादि मुहल्ले के विद्युत् उपभोक्ताओं को विद्युत् आपूर्ति जर्जर लकड़ी के पोल व तार के माध्यम से हो रही है जिसके कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कॉलोनी के जर्जर लकड़ी के पोल व तार को कबतक बदलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् पोल हटाना

*1844. श्री अशोक कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-92 सकरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंडान्तर्गत ग्राम-ढेंलवा-ज्योतिष पथ लिंग रोड पर स्थापित ट्रांसफॉर्मर के निकट एक विद्युत् पोल बीच सड़क पर खड़ी है जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बीच सड़क पर स्थित पोल को हटाने हेतु 31 मार्च, 2020 को लिखित आवेदन भी सहायक विद्युत् अभियंता, रामकृष्णानगर, पटना को दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बीच सड़क पर स्थापित विद्युत् पोल को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*1845. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत दंडखोरा प्रखंड के दंडखोरा में पीर मजार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पीर मजार पर राज्य के बाहर एवं स्थानीय लोग चादर चढ़ाने आते हैं एवं रज्जब माह में उर्स मेला का आयोजन किया जाता है जिसे देखने के लिये काफी पर्यटक आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीर मजार को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुकम्पा पर नियुक्ति

*1846. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी सेवक के सेवाकाल में मृत्यु के उपरान्त उनके आश्रित को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति करने का सरकारी प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व0 सिताराम मिश्रा, चालक, रेफरल अस्पताल, मधेपुर, जिला मधुबनी की मृत्यु दिनांक 15 अक्टूबर, 2019 को उनके सेवाकाल में होने के उपरान्त स्व0 मिश्र की पत्नी श्रीमती मन्ना देवी द्वारा अपने द्वितीय पुत्र श्री घनश्याम मिश्रा की अनुकम्पा पर नियुक्ति हेतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मधेपुर के समक्ष दिनांक 16 नवम्बर, 2019 को आवेदन समर्पित करने के पश्चात् अबतक इनकी नियुक्ति नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री घनश्याम मिश्रा की नियुक्ति अनुकम्पा के आधार पर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकास कार्य में खर्च करना

*1847. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नवीनगर में नेशनल थर्मल पॉवर कम्पनी स्थित है, उक्त कम्पनी के NPGC और BRBCL प्लांट द्वारा RNR एवं CSR फंड से क्षेत्र के विकास हेतु राशि खर्च करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त दोनों प्लांट द्वारा इस फंड की राशि से नवीनगर क्षेत्र के विकास की जगह दूसरे जिले में विकास हेतु खर्च किया जा रहा है जिससे क्षेत्र की जनता में असंतोष है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फंड की राशि को नवीनगर क्षेत्र के विकास में खर्च कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1848. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत बक्सर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दलसागर का भवन जर्जर है तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्र, मानसीपट्टी बड़का गाँव भवनविहीन है, इसके अलावे भी जिला भर के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन या तो जर्जर है या भवनविहीन है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएँ प्रभावित रहती हैं, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्रों सहित जिला के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सहयोग राशि दिलाना

*1849. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड कल्याणपुर में (1) सोनाली कुमारी, साकिन बड़हरवा महानंद (2) सुजीत कुमार, सा0-गवन्दरा सहित अन्य के परिजनों को आपदा मद से सहयोग की राशि उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण मोतीहारी द्वारा मुख्यालय से दो माह पूर्व अनुरोध किया गया है जो अभीतक लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आपदा सहयोग राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति

*1850. श्री विश्वनाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखण्ड अन्तर्गत निहालपुर पंचायत में प्रा0 स्वा0 केन्द्र, निहालपुर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनकर तैयार है, पर डॉक्टर एवं नर्स नहीं होने के कारण मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रा0 स्वा0 केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति कर मरीजों का इलाज प्रारम्भ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का पुनर्निर्माण

*1851. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सरमेरा प्रखंड के ग्राम पंचायत चेरो के ग्राम-चेरो में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण स्वास्थ्यकर्मियों एवं रोगियों के साथ किसी भी समय दुर्घटना घट सकती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य सेवा बहाल करना

*1852. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर सदर अस्पताल के 102 एम्बुलेंस सेवा को समाप्त कर दिया गया है और इसके तहत चलने वाले 6 एम्बुलेंस पिछले 6 माह से सेवा में नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन छ: एम्बुलेंस के चालक एवं ई0 एम0 टी0 कर्मियों को कार्य से मुक्त कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार एम्बुलेंस की मरम्मती कराकर स्वास्थ्य सेवा बहाल कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

*1853. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आयुष चिकित्सकों की नियमित नियुक्ति विगत् 20 वर्षों से सरकार द्वारा नहीं किया गया है जिससे राज्यभर के अस्पतालों में आयुष चिकित्सकों का पद रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक आयुष चिकित्सकों की नियमित नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

संविदा कर्मी को स्थायी करना

*1854. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य स्वास्थ्य संविदा कर्मी द्वारा दिनांक 20 जुलाई, 2020 से 22 जुलाई, 2020 तक स्थायी करने हेतु हड़ताल किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में कार्यरत स्वास्थ्य संविदा कर्मी को विभाग के पत्रांक 591(12), दिनांक 21 अगस्त, 2020 के आलोक में 12-सूत्री माँग पर प्रावधान के तहत लागू करने का आश्वासन दिया गया था, परन्तु आजतक स्वास्थ्य संविदा कर्मी को स्थायी करने से वंचित रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संविदा कर्मी को स्थायी करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति

*1855. श्री विश्वनाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजनगर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड अन्तर्गत धनसोई पंचायत में प्रा0 स्वा0 केन्द्र, धनसोई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनकर तैयार है, पर डॉक्टर एवं नर्स नहीं होने के कारण मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रा0 स्वा0 केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति कर मरीजों का इलाज प्रारम्भ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् तार एवं खंभा बदलना

*1856. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत अमौर एवं बैसा प्रखंडों में विद्युत् तार एवं खम्भा काफी जर्जर हो गया है, जिसके कारण 2 वर्षों से उक्त प्रखंडों में कई बार तार एवं खम्भा टूट कर गिर गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में विद्युत् तार एवं खम्भा कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*1857. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत D.D.U.G.J.Y. एवं I.P.D.S. योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य अंतिम चरण में है, जिसमें विभागीय पदाधिकारी एवं संवेदकों की मिली भगत से प्राक्कलन के निर्धारित मानक के विरुद्ध विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित जिला में हो रहे विद्युतीकरण कार्य का उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1858. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी विधान सभा के अंतर्गत अतिरिक्त प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र, हरिहरपुर, महमदपुर, खिरमा, रैयाम, छतवन, परसा, कालीगाँव में चिकित्सा हेतु चिकित्सक उपस्थित नहीं रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल विकसित करना

*1859. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मंझौल में जयमंगलागढ़ में जयमंगला स्थान देश के 52 शक्तिपीठों में चर्चित है, जहाँ देश विदेश के श्रद्धालु आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान के भग्नावशेषों व शिलालेखों के अनुसार यह मंदिर हजारों वर्ष पुराना है और भगवान बुद्ध से जुड़ा हुआ है, साथ ही पूर्व में उक्त स्थल के पास आदिकाल के मूर्तियाँ मिली हैं, परंतु श्रद्धालुओं के लिये मूलभूत सुविधाओं के अभाव में काफी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान की खुदाई कराकर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*1860. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल ग्राम-काको स्थित महादेव मंदिर एवं भैरव स्थान तथा लखनौर प्रखंड के ग्राम-मैवी स्थित तपेलेश्वरनाथ मंदिर एवं ग्राम-बेहट स्थित शांतिनाथ महादेव मंदिर को वर्ष 2012/15 के बीच बेहतर पर्यटकीय सुविधा हेतु सौन्दर्यीकरण कार्य कराया गया था लेकिन संवेदक द्वारा इन कार्यों को अधूरा छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में अधूरे पड़े पर्यटकीय स्थलों के सौन्दर्यीकरण का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिकायतों का निपटारा

*1861. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा अनुमंडल सहित पूरे जिला में बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल में काफी गड़बड़ियाँ हो रही है और उपभोक्ताओं को खपत से ज्यादा बिजली का बिल दिया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली बिल संबंधित शिकायतों का निपटरा करने में विभागीय पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण जनता मे काफी असंतोष है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मढ़ौरा अनुमंडल सहित पूरे जिले में बिजली उपभोक्ताओं के शिकायतों के निपटारण पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तार बिछाना

*1862. श्री मेवालाल चौधरी (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत बरियारपुर प्रखंड के बरियारपुर बस्ती दक्षिण टोला में विभाग द्वारा विद्युत् आपूर्ति हेतु वर्ष 2017 में पोल एवं नंगा तार लगाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वह विद्युत् का नंगा तार बरियारपुर बस्ती दक्षिण टोला के भारतीय सेना में पदस्थापित श्री सुनील कुमार एवं श्री राम नारायण मंडल के अनुपस्थिति में उनके घरों के ऊपर से पास करा

दिया गया जिसमें वे लोग न तो छत पे जा सकते है न ही ऊपर घर बना सकते है, इस आशय की सूचना पीड़ित लोगों द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2017 को विभाग को दिया गया था, किन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में स्थित नंगा विद्युत् तार को हटाने या कॉभर तार बिछाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिपूर्ति कराना

*1863. श्री मेवालाल चौधरी (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैश्विक महामारी कोरोना से पीड़ित व्यक्तियों के लिये मुंगेर जिला में अस्थायी क्वॉरिंटाइन सेन्टरों के संचालन हेतु स्वयंसेवी संस्थानों सहित व्यक्तिगत लोगों की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अंचलाधिकारी, तारापुर संग्रामपुर द्वारा पत्र संख्या कैंप-01, दिनांक 17 मई, 2020 के माध्यम से जयदेव टेंट हाउस आदि के द्वारा तन-मन-धन से अपना योगदान दिया परन्तु अभीतक उनलोगों को जिला प्रशासन के द्वारा कोई आर्थिक भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनभागीदारी सुनिश्चित करने वाले व्यक्तियों को उक्त दौरान हुये व्यय की प्रतिपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*1864. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंड के तेलहाड़ा अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा वित्तीय वर्ष 2016-17 में मिल चुका है परन्तु भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर एवं स्वास्थ्यकर्मियों के अभाव में इलाज नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, तेलहाड़ा का भवन निर्माण कराने के साथ स्वास्थ्य सुविधा कबतक बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने हेतु

*1865. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--स्थानीय दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''हुमायूंपुर में वर्षों पूर्व स्थापित ए० पी० एच० सी० खंडहर में तब्दील'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हुमायूंपुर खंडहर में तब्दील हो चुका है और उक्त केन्द्र कागज पर ही चलता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ के लोगों को चिकित्सा हेतु 7 कि० मी० दूर बाजपट्टी जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बहाल करना

*1866. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु राज्य के सभी अस्पतालों में डाटा इन्ट्री/कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग डेढ़ देशकों से अधिक से कार्यरत उपर्युक्त डाटा इन्ट्री/कम्प्यूटर ऑपरेटरों को अकारण सेवा मुक्त करने के कारण राज्य के अस्पतालों सहित आयुष्मान भारत कार्यक्रम का कार्यान्वयन प्रभावित होने के साथ-साथ उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सेवा मुक्त उपर्युक्त डाटा इन्ट्री/कम्प्यूटर ऑपरेटरों को सेवा में पुन: बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1867. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसण्ड)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड में स्थित देमा एवं हरपुरसाही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत दस वर्षों से पूर्णत: ध्वस्त हो चुका है, जिसके कारण मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को चिकित्सकीय कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

इंजेक्शन की व्यवस्था

*1868. श्री संतोष कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कोचस, करगहर एवं शिवसागर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रेबीज का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त केन्द्रों पर रेबीज के इंजेक्शन की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल विकसित करना

*1869. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत गोविन्दपुर प्रखंड में अवस्थित ककोलत जलप्रपात है जिसका आनन्द लेने के लिये देश-विदेश से पर्यटक प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सैलानियों एवं पर्यटकों के लिये मूलभूत एवं आधारभूत सुविधाओं के अभाव में पर्यटक को काफी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने एवं बुद्धा कोरिडोर से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रेफरल अस्पताल बनाना

*1870. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड में रेफरल अस्पताल नहीं होने के कारण वहाँ के लोगों को बहुत परेशानी होती है तथा छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज हेतु वहाँ के लोगों को दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बरियारपुर प्रखंड के बरियारपुर में कबतक रेफरल अस्पताल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य सुविधा हेतु

*1871. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के शंकरपुर प्रखंड के रायभीड़ पंचायत में स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र निजी जमीन में चल रहा है, जहाँ न तो पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य कर्मी हैं और

न ही पर्याप्त जगह है इस कारण इन क्षेत्रों के मरीजों को परेशानीयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को सरकारी जमीन पर संचालित कराने एवं पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बहाल करना

*1872. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज अनुमंडल अस्पताल में शल्य कक्ष सहायक के पद पर महेश सिंह और ड्रेसर के पद पर रामदीन वर्मा को संविदा पर नियुक्ति किया गया था तथा नियमित और उत्तम सेवा देने के बावजूद जनवरी, 2021 से इनका नाम रोस्टर से हटा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कर्मचारियों को फरवरी, 2020 से वेतन नहीं दिया गया है, साथ ही नौकरी से हटाये जाने के कारण इनका परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य कर्मियों को पुनः काम पर बहाल करने और लंबित वेतन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि दिलाना

*1873. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपी कुमार झा, पिता-प्रेम कुमार झा, ग्राम-लहरपुर ग्राम-पंचायत का अधलुआम प्रखंड अलीनगर एवं कौशल कुमार झा उर्फ कन्हैया झा, ग्राम-रमौली प्रखंड बेनीपुर जिला दरभंगा की मृत्यु मोटर साईकिल से सड़क दुर्घटना में हुयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दुर्घटना में मृत्यु संबंधी केस वहेड़ा थाना में हुआ है, जिसका केस नं० 19/20, दिनांक 6 दिसम्बर, 2020 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों मृतक के आश्रितों को मुआवजा एवं सहायता राशि दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गुर्दा प्रत्यारोपण कार्यक्रम की शुरूआत

*1874. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में पी०एम०सी०एच० देश की सबसे पुरानी पाँच मेडिकल कॉलेजों में से एक है, किन्तु आजतक इसके नेफ्रोलॉजी विभाग में गुर्दा प्रत्यारोपण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच० के नेफ्रोलॉजी विभाग में उक्त कार्य के लिये वर्तमान विभागाध्यक्ष के पास न तो समुचित डिग्री है न तो गुर्दा प्रत्यारोपण का अनुभव है और न ही समुचित संख्या में संकाय सदस्य उपलब्ध है ;

(3) क्या यह बात सही है कि गुर्दा प्रत्यारोपण कार्यक्रम पड़ोसी राज्यों में विगत 20 वर्षों से और पटना आई०जी०आई०एम०एस० में भी दो वर्षों से सफलतापूर्वक चल रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पी०एम०सी०एच० में भी गुर्दा प्रत्यारोपण कार्यक्रम की शुरूआत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*1875. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बरियारपुर प्रखंड के झौआ बहियार एवं हरिणमार पंचायत गंगा नदी के पार (उत्तरी किनारे) पर अवस्थित है जहाँ एक भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, जिससे गंगा पार के लोग स्वास्थ्य सेवा से वंचित रह रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि झौआ बहियार एवं हरिणमार पंचायत जिसकी आबादी 10,000 से ऊपर है उन लोगों को आकस्मिक चिकित्सा हेतु या तो बरियारपुर या मुंगेर या लगभग 40 किलो मीटर दूरी तय कर खगड़िया जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पंचायतों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत कर निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सा सुविधा हेतु

*1876. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत गड़हनी प्रखंड के दुलारपुर में स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर नियमित रूप से डॉक्टर नहीं आते हैं तथा बुनियादी चिकित्सा सुविधा व आधारभूत संरचना का घोर अभाव है ;

(2) क्या यह बत सही है कि दुलारपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र के लिए दुबौली गाँव में बने नये भवन उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को हैंडओवर नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर नियमित डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित बुनियादी चिकित्सा सुविधा बहाल करने व नये भवन को हैंडओवर कर नियमित संचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

यूरोलॉजी वार्ड से हटाना

*1877. सुश्री श्रेयसी सिंह (क्षेत्र संख्या-241 जमुई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल में कोरोना पेनडेमिक के समय शव रखने के लिए Mortuary box लाया गया था, जो यूरोलॉजी वार्ड में रखा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इससे मरीजों के रख-रखाव में काफी दिक्कत हो रही है और यूरोलॉजी विभाग का करीब 15 बेड Occupy हो गया है, जिससे मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार Mortuary box को यूरोलॉजी वार्ड से हटाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*1878. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड में अब्दुल कुदुस, पिता-तमीचउद्दीन, साकिन-ग्राम, पोस्ट-गैड़ा, थाना-अररिया का एक दुधारू भैंस दिनांक 25 जून, 2020 को बज्रपात में मर गया, वर्णित व्यक्ति को अबतक कोई मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विकास करना

*1879. डॉ0 सी0 एन0 गुप्ता (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत रिविलगंज प्रखंड के गोदना सेमरिया में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा-सरयू के संगम पर प्रतिवर्ष मेला का आयोजन होता है, जिसमें श्रद्धालु एवं पर्यटक स्नान, ध्यान, दान एवं पूजा अर्चना करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पर्यटन स्थल को बौद्ध सर्किट में नहीं जोड़ने के कारण उस स्थान का सर्वांगीण विकास नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गोदना सेमरिया पर्यटक स्थल को बौद्ध सर्किट से जोड़कर सर्वांगीण विकास करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1880. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड अन्तर्गत स्वा0 उप-केन्द्र, कुसेर की स्वीकृति वर्ष 2011 में दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि 9 वर्ष के बाद भी उक्त स्वा0 केन्द्र का भवन निर्माण नहीं हुआ है जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वा0 उप-केन्द्र, कुसेर का भवन निर्माण कराकर पूर्णरूपेण कार्यान्वित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*1881. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम+पो0-सुहियां के शिंगार यादव, पिता-स्व0 लखु यादव की दिनांक 30 अगस्त, 2019 को नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अभीतक उनके आश्रित को मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा उनके आश्रित को मुआवजे की राशि अभीतक उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) एवं (3) जिला पदाधिकारी, भोजपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मृतक शिंगार यादव की आश्रित पत्नी झुनियाँ को चेक संख्या 740485, दिनांक 6 फरवरी, 2021 द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान किया जा चुका है ।

अधिवक्ता लिपिक कल्याण अधिनियम लागू करना

*1882. ई० शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि झारखण्ड उच्च न्यायालय के अनुपालन में माननीय झारखण्ड सरकार के द्वारा अधिवक्ता लिपिक कल्याण अधिनियम 2018 लागू की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) के आलोक में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा भी बिहार में अधिवक्ता लिपिक कल्याण अधिनियम को लागू करने हेतु निदेश दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार झारखण्ड, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश की तरह बिहार में भी अधिवक्ता लिपिक कल्याण अधिनियम लागू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य सेवा चालू कराना

*1883. श्री हरीभूषण ठाकुर 'बचोल' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अन्तर्गत राजकीय आयुर्वेद औषधालय, मुरलिया चक का मकान जर्जर है, दवा का अभाव रहता है, जिससे आमजनता को स्वास्थ्य सेवा का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त औषधालय का भवन बनाकर सुचारू रूप से स्वास्थ्य सेवा चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पूर्ण कराना

*1884. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत चेराखेरा पंचायत के मोहरा घाट ग्राम में 2 वर्षों से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसे पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य सुविधा हेतु

*1885. श्री प्रफुल्ल कुमार माँझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के इसलामनगर अलीगंज प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन वर्ष 2018 में ही बनकर तैयार है, किन्तु विभाग को हस्तान्तरित नहीं किये जाने के कारण संचालित नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन को हस्तान्तरित कराकर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

न्यायिक कोर्ट शीघ्र प्रारंभ कराना

*1886. श्री विजय शंकर दूबे (क्षेत्र संख्या-112 महाराजगंज)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिले के महाराजगंज अनुमंडल का सृजन 1991 में हुआ था, परन्तु अभीतक अनुमंडलीय न्यायिक कोर्ट कार्यरत नहीं हो सका है जिसके कारण आमजनता को सीवान जिला मुख्यालय जाना पड़ता है और अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के नवसृजित सभी अनुमंडलों में अनुमंडलीय न्यायिक कोर्ट कार्यरत हो चुके हैं परन्तु महाराजगंज में विभागीय शिथिलता के कारण न्यायालीय कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महाराजगंज अनुमंडल में न्यायिक कोर्ट शीघ्र प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि राज्य में 21 अनुमंडलों में न्यायालयों की स्थापना

संप्रति प्रक्रियाधीन है। राज्य में किसी भी नये न्यायालय की स्थापना माननीय न्यायालय के परामर्श से की जाती है। महाराजगंज अनुमंडल में न्यायालय स्थापना हेतु राजपत्रित एवं अराजपत्रित पदों का सृजन किया जा चुका है तथा महानिबंधक, उच्च न्यायालय, पटना के पत्रांक 3864, दिनांक 20 जनवरी, 2020 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में महाराजगंज, अनुमंडल में न्यायालय स्थापना संबंधी अधिसूचना प्रारूप विभागीय पत्रांक 1429, दिनांक 27 फरवरी, 2020 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय की विधीक्षा एवं सहमति हेतु महानिबंधक, उच्च न्यायालय, पटना को भेजी गयी है।

माननीय उच्च न्यायालय की सहमति प्राप्त होने पर, तदनुसार महाराजगंज अनुमंडल में न्यायालय स्थापना के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

(3) कंडिका (2) में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

-------------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*1887. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली वि०स० अंतर्गत हरिपुर पंचायत के हरिपुर ग्राम में एक ही स्वास्थ्य उप-केन्द्र, हरिपुर है, जहाँ के मरीजों की संख्या अत्यधिक रहने से लोगों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, साथ ही उक्त केन्द्र पर चिकित्सक भी नियमित रूप से नहीं आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र खोलने तथा चिकित्सक की उपस्थिति नियमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

इलाज सुनिश्चित कराना

*1888. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज बाजार में 1980 से एक रेफरल अस्पताल संचालित है, किन्तु अब यह अस्पताल काफी जर्जर हो गया है, जिसके कारण वहाँ इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में कबतक उपरोक्त अस्पताल का जीर्णोद्धार कराकर इलाज सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बिजली के पोल एवं तार बदलना

*1889. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया प्रखंड के सेमरा पंचायत में लगे बिजली के तार और पोल की स्थिति जर्जर हो गयी है जिससे जान-माल के नुकसान की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में लगे बिजली के पोल एवं तार कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य सेवा बहाल करना

*1890. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-04 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के बगहा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-परसौनी बगहा-1 में निर्मित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वास्थ्यकर्मियों के अभाव में वर्ष 2018 से बन्द पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर जनहित में स्वास्थ्य सेवा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 13 मार्च, 2021 (ई०)।

राज कुमार सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० - 126 (एल०ए०), 2020-21 डी०टी०पी० -550